आयुष्मान भारत के लिये प्रीमियिम दरें अलग-अलग होंगी

चर्चा में क्यों?

10 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य कवर प्रदान करने वाली केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी आयुषमान भारत योजना यह सुनिश्चित करने के प्रयासों के साथ कि बीमाकर्त्ता और ग्राहक को उचित दरें प्राप्त हो सकें, अक्टूबर से लागू की जा सकती है|

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- सरकार ने बीमाकर्त्ताओं को आश्वस्त किया है कि यह योजना एक निविदा-संचालित प्रक्रिया होगी, जिससे उन्हें प्रत्येक राज्य में पिछले अनुभव के साथ बीमारी दर के आधार पर प्रीमियम प्रस्तुत करने की अनुमति मिल जाएगी।
- सभी राज्यों में दरें भिन्न-भिन्न होंगी। इसमें अधिकतम सीमा नहीं होगी| यह एक निविदा-संचालित प्रक्रिया होगी| चूँकि योजना का आकार बड़ा है, अतः बीमाकर्त्ताओं को भारी नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा।
- उदाहरण के लिये प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक छोटी योजना है| इसलिये, यहाँ यदि मूल्य निर्धारण कम है और हानि अनुपात लगभग 200 प्रतिशत है तो भी हम इससे प्रभावित नहीं होंगे|
- सरकारी सूत्रों के अनुसार, फोकस यह सुनिश्चित करने पर होगा कि प्रीमियम दर सालाना 1,000 से 1,100 रुपए (प्रति पाँच परिवार में एक) से अधिक न हो| यह बाज़ार संचालित प्रक्रिया के अंतर्गत होगी|
- बीमाकर्त्ताओं ने यह भी कहा कि ज़्यादातर राज्यों ने ट्रस्ट मॉडल की बजाय बीमा मॉडल में उत्सुकता दिखाई है क्योंकि इससे योजना के आसान प्रशासन में मदद मिलेगी।
- निविदा दस्तावेज़ को अंतिम रूप दिया जा रहा है| राज्य पूरे राज्य या क्लस्टर के लिये निविदा जारी करेंगे और जो भी सर्वश्रेष्ठ बोली लगाएगा उसका चयन किया जाएगा|

कार्यान्वयन की तिथि

- माना जा रहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की औपचारिक रूप से घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को किये जाने की संभावना है लेकिन इसे अक्तूबर से ही कार्यान्वित किया जाएगा।
- इस संबंध में तैयारी चल रही है लेकिन इसके लागू होने से पहले अभी भी बहुत सारे कार्यों को किये जाने की ज़रूरत है|
- योजना को लागू करने के लिये बीस राज्यों ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

आयुष्मान भारत क्या है?

- इस योजना में प्रतिवर्ष प्रति परिवार के लिये पाँच लाख रुपए का लाभ कवर किया गया है।
- इस योजना के लक्षित लाभार्थी दस करोड़ से अधिक परिवार होंगे। ये परिवार एसपीसीसी डाटाबेस पर आधारित गरीब और कमज़ोर आबादी के होंगे।
- आयुष्मान भारत - राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (Ayushman Bharat : National Health Protection Mission - AB-NHPM) में चालू केंद्र प्रायोजित योजनाएँ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना (Rashtriya Swasthya Bima Yojana -RSBY) तथा वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना (Senior Citizen Health Insurance Scheme -SCHIS) समाहित होंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/premium-rates-for-ayushman-bharat-likely-to-be-market-driven